उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, देहरादून
लेन नं० 3, भवन संख्या–23, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून।
**E-mail**:ukmssbdun@gmail.com,**Website**: www.ukmssb.org, **Phone**: 0135- 2665366

विज्ञप्ति संख्याः– 40 / 2026 दिनांकः 19 अगस्त 2026

**चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं स्टेट कैंसर इन्स्टीट्यूट, हल्द्वानी के अन्तर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला / पुरुष) डिप्लोमाधारक / डिग्रीधारक के रिक्त 1455 पदों के सापेक्ष चयनित कतिपय अभ्यर्थियों का चयन मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में विचाराधीन विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के क्रम में निरस्त किये जाने सम्बन्धी सूचना।**

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 18 / 2023–24 / 203 दिनांक 11 मार्च 2024 के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं स्टेट कैंसर इन्स्टीट्यूट, हल्द्वानी में समूह 'ग' के अंतर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला / पुरुष) डिप्लोमाधारक / डिग्रीधारक के कुल रिक्त 1455 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु जारी किये गये विज्ञापन के क्रम में पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 18 / 2023–24 / 876, दिनांक 14 दिसम्बर 2024 द्वारा अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था, जिसमें 20 अभ्यर्थियों का चयन औपबन्धिक रखा गया था। औपबन्धिक रखें गए चयनित अभ्यर्थियों में से 02 अभ्यर्थियों द्वारा वांछित अभिलेख उपलब्ध करा दिये गये थे तथा अन्य 18 अभ्यर्थियों का चयन रिट याचिका संख्या 1237 / 2024 (एस0एस0), 1489 / 2024 (एस0एस0), 2471 / 2024 (एस0एस0), 2489 / 2024 (एस0एस0), 50 / 2025(एस0एस0) एवं 712 / 2025 (एस0एस0) में तत्समय पारित आदेशों के क्रम में औपबन्धिक रखा गया। निदेशक, चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पत्र संख्या 1629 / चि0शि0 / 03(मेडिकल) / 70(नर्सिंग अधि0) / 2025, दिनांक **10 जुलाई 2026** द्वारा रिट याचिका संख्या 1237 / 2024 (एस0एस0), 1489 / 2024 (एस0एस0), 2471 / 2024 (एस0एस0), 2489 / 2024 (एस0एस0), 50 / 2025(एस0एस0) एवं 712 / 2025 (एस0एस0) में पारित आदेशों के क्रम में तथा उत्तराखण्ड नर्सेस एवं मिडवाईव्ज काउंसिल की शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) द्वारा निरस्त किये गये अभ्यर्थनों के उपरान्त कुल **40** पदों पर कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र उपलब्ध कराया गया।

उक्त के क्रम में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में तथा उत्तराखण्ड नर्सेस एवं मिडवाईव्ज काउंसिल की शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) द्वारा निरस्त किये गये अभ्यर्थनों के उपरान्त कुल **58** अभ्यर्थियों के चयन को बोर्ड द्वारा निरस्त कर दिया गया है। निरस्त किये गये आवेदनों की विस्तृत सूचना एवं सूची चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org पर उपलब्ध है। यदि कोई अभ्यर्थी उनके चयन के निरस्तीकरण के सम्बन्ध में कोई कथन लिखित रुप में देना चाहते हैं तो अपना प्रत्यावेदन बोर्ड कार्यालय में ई–मेल ukmssbexam@gmail.com पर, व्यक्तिगत रुप से अथवा अन्य किसी माध्यम से स्वप्रमाणित साक्ष्य सलग्न कर दिनांक 27 अगस्त 2026 (वृहस्पतिवार) सांय 05.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। यह अंतिम अवसर है, उक्त के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

ह0 / –
(प्रदीप जोशी),
सचिव,
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।